# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, गुरुवार 2 अक्टूबर 2025





## खबर संक्षेप



### कन्या भोज का आयोजन

ग्राम बेलाकछार बालको नगर में नवमी मां सिद्धिदात्री नौ कन्या भोजन कराया गया। मां का नौ रूप देखने को मिला। शैलपुत्री माता, ब्रह्मचारिणी माता चंद्रघंटा माता, कुष्मांडा माता, इस्कॉन माता, कात्यानी माता, कालरात्रि माता महागौरी माता, सिद्धिदात्री माता का पूजा अर्चना किया गया।

### अष्टमी पर हुआ जागरण



बस स्टैंड के दुर्गा पंडाल में नवरात्रि के पावन पर्व पर नवरात्र के अष्टमी को मां दुर्गा उत्सव समिति बस स्टैंड हरदीबाजार द्वारा दुर्गा पंडाल के पास में छत्तीसगढ़ी गायिका कंचन जोशी जी का कार्यक्रम कराया गया जिसमें हरदी बाजार व आसपास क्षेत्र के ग्रामों से अधिक से अधिक संख्या में लोगों ने आकर कार्यक्रम का आनंद लिया, गायिका कंचन जोशी के द्वारा अपने आर्केस्ट्रा जसजागरण से पूरी कार्यक्रम में समा बांधा। इस कार्यक्रम में कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर, भाजपा जिला मंत्री अजय दुबे, नरेश टंडन, मुकेश जयसवाल, रामशरण कंवर, अनूप यादव, आशीष अग्रवाल, यदुराज राठौर, आशीष अग्रवाल, ब्यास राठौर, दामोदर राठौर, अनिल टंडन, रमेश अहीर, छोटेलाल पटेल, श्रवण यादव, सरपंच लोकेश्वर सिंह कंवर, युवराज सिंह कंवर, कृष्णा पटेल, निलेन्द्र राठौर, सचिव विनय चंद्राकर, नवनीत गुप्ता, हीरालाल पांडेय, सुरेंद्र राठौर, सुर्या यादव, दुर्गेश डिक्सेना, पंकज धुरवा, बजरंग यादव, नरेंद्र अहीर, तरुण डिक्सेना, रमेश राठौर, जयप्रकाश राठौर, वीरेंद्र पटेल, यशवंत राठौर, डॉ गणेश प्रभुवा, देवेश शर्मा आदि उपस्थित थे।

## निधन

### प्रकाश त्रिवेदी



**कोरबा।** नगर निगम के उपायुक्त बीपी त्रिवेदी के भाई ज्योति प्रकाश त्रिवेदी का 1 अक्टूबर को निधन हो गया। वे लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार 2 अक्टूबर को सुबह 10:30 बजे मिलौनी गंज, सब्जी मंडी स्थित निवास से करिया पाचर मुक्तिधाम में किया जाएगा।

## देर शाम हसदेव नदी तट पर किया गया ज्वारा का विसर्जन

# दुर्गा नवमीं पर जवारा विसर्जन के साथ नवरात्र पर्व का समापन



ज्वारा विसर्जन के दौरान भक्त एवं अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

आदिशक्ति की भक्ति का नवरात्र पर्व का समापन दुर्गा नवमीं के अवसर ज्वारा के विसर्जन के साथ हो गया। महाष्टमी के दूसरे दिन दुर्गा नवमीं के तिथि पर दुर्गा पंडालों में पूजा अर्चना करने के साथ कन्या भोज कराये गये। वहीं दूसरी ओर देवी मंदिरों में नौ दिन तक बोये गये ज्वारा का विसर्जन नदी और तालाबों में देर शाम तक विधि विधान से किया गया।

नौ दिन तक चलने वाले नवरात्र पर्व के अंतिम दिन दुर्गा नवमीं के अवसर पर शहर के प्रसिद्ध सर्वमंगला मंदिर में अष्टमी के दिन से शुरु हुए भंडारा दूसरे दिन भी जारी रहा है। बड़ी संख्या में पहुंच श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना करने के साथ भोग भंडारे का प्रसाद का वितरण किया। इसके साथ ही देर शाम मंदिर परिसर से महिलाओं ने नौ दिन तक मंदिर में बोये ज्वारे के कलश को सिर में धारण कर हसदेव नदी तट पर पहुंचे और विधि विधान पूजा अर्चना कर ज्वारा का विसर्जन किया गया। हसदेव नदी की गोद में ज्वारा कलशों का विसर्जन करने के साथ ही जगत कल्याणी माँ सर्वमंगला देवी मंदिर में शारदीय नवरात्रि आध्यात्मिक जागृति के साथ सम्पन्न हो गई। कल अष्टमी को ज्योति कलशों का हवन-पूजन के साथ शारदीय नवरात्रि को विराम दिया गया था। राजपुरोहित नमन पाण्डेय (नन्हा महराज) ने अपनी माँ एवं धर्मपत्नी के साथ कलश को सिर पर रखकर विसर्जित करने वाली नारी शक्ति की पूजा अर्चना करने के बाद हसदेव घाट की ओर ससम्मान रवाना किया। पाण्डेय परिवार ने बैगाओं को शांत कराया। ज्वारा कलशों को चुनरी द्वार से हसदेव नदी तक रवाना किया गया। रक्षक दल के रूप में हनुमान एवं उनकी वानर सेना आगे-आगे चल रही थी। ज्वारा कलशों को विसर्जन करने के दौरान माँ सर्वमंगला देवी मंदिर से लेकर हसदेव घाट तक माँ का जयकारा गूंजता रहा। ढोल-मंजीरा के साथ जसगीत भी गूंज रहे थे। भजन कीर्तन करने वाले रास्ते भर माँ की भक्ति में झूमते रहे।

## शारदा विहार में हुआ हवन पूजन



शारदा विहार कॉलोनी में आश्विन नवरात्र आस्था और परंपरा के साथ मनाया गया। आदिशक्ति दुर्गा की प्रतिमा प्रतिष्ठित करने के साथ यहां नियम पूर्वक पूजा अर्चना संपन्न कराई गई। नवरात्र पर्व के अंतिम दिवस नवमी को देवी के सिद्धिदात्री स्वरूप की पूजा करने के साथ वैदिक अनुष्ठान पूर्ण किए गए। शाम को पुरोहितों के द्वारा यहां वेद मंत्र से हवन पूजन कराया गया। दुर्गा पूजा स्थल पर सर्व कल्याण की कामना के साथ बेदी में आहुतियां दी गई। इसके पश्चात कन्या भोज कराया गया जिसमें कॉलोनी की कन्याए शामिल हुई। आयोजन समिति की ओर से उन्हें यथाशक्ति दक्षिणा और उपहार प्रदान किए गए। आयोजन समिति की ओर से बताया गया कि नवरात्र पर प्रतिदिन विभिन्न स्पर्धा कराई गई और रात्रि को आरती पश्चात श्रद्धालुओं को भोग प्रसाद दिया गया।

## श्रीमद भागवत कथा का आयोजन



नवरात्रि के पावन अवसर पर प्रगति नगर दुर्गा पंडाल में दीपक कृष्ण शास्त्री महाराज के मुखारविंद से श्रीमद् देवी भागवत को श्रवण करने के लिए श्रोताओं की भारी भीड़ लग रही है। कृषि कड़ी में कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रेमचंद पटेल क्षेत्रीय पार्षद एवं भाजपा नेता अरुणीश तिवारी के साथ पांडाल में पहुंचकर महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया एवं कथा श्रवण किया इस अवसर पर मां दुर्गा उत्सव समिति के अध्यक्ष राजकुमार राठौर सचिन श्रवण तिवारी कोषाध्यक्ष गुरु प्रसाद गभेल ने आगंतुक अतिथियों का स्वागत किया। महाराज ने कहा कि आज के इस भौतिकवादी युग में मां की आराधना से ही जीवन कृतार्थ होगा एवं अपनी संस्कृति सभ्यता को आत्मसात कर मर्यादा में जीवन जीने से ही जीवन का आनंद मिल पाएगा। इस अवसर पर सतीश राठौर, राजकुमार त्रिपाठी, मन्नू राठौर, हेमचंद सोनी, छोटेलाल पटेल, बकुला सोलंका उपस्थित रहे।



मां गायत्री दुर्गोत्सव समिति कटघोरा में हवन सम्पन्न के दौरान।

## भारी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने पहुंच रहे माँ मड़वारानी के दरबार में

मड़वारानी पहाड़ कोरबा जिला मुख्यालय से लगभग 20 किलोमीटर दक्षिण में हसदेव नदी के किनारे स्थित एक दर्शनीय व पर्यटन स्थल है जो काफी मनोरम प्राकृतिक छटा बिखेरता हुआ दिखाई देता है और पर्यटन की दृष्टि से भी काफी आकर्षक है। भक्त पैदल या वाहन से 5 किलोमीटर पहाड़ी में जंगलों के बीच से यात्रा करके श्रद्धालु माता के दर्शन करने पहुंचते हैं। कुछ दिन पूर्व कोरबा कलेक्टर द्वारा मड़वारानी में दर्शनार्थियों व दुकानदारों के लिए विभिन्न सुविधाओं जैसे पानी की व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट, मंच निर्माण के लिए जिला खनिज न्यास निधि से राशि स्वीकृत किया गया है। मड़वारानी आने वाले श्रद्धालुओं का कहना है कि पहाड़ जाने वाले सड़क का बहुत बुरा हाल है जो पूरी तरह खराब हो चुकी है। बीच मे कहीं ठहरने, विश्राम करने के लिए शेड नहीं है। अगर मड़वारानी ट्रस्ट बन जाये तो सारी व्यवस्थाएँ दुरुस्त हो जाएंगी और मड़वारानी शाक्तिस्थल की प्रसिद्धि और अधिक फिलेगी जिससे भारी संख्या में श्रद्धालु मड़वारानी के दर्शन के लिए पहुचेंगे।



## जसजागरण कार्यक्रम का आयोजन

आदर्श ग्राम पंचायत छिंदपुर में श्री सिद्धिविनायक नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति बाज़ार मोहल्ला द्वारा जय माँ काली ग्रुप के द्वारा रात्रि में झाकी दिखाकर, जसगीत गायन कर धूमधाम से जसजागरण किया गया इसमें काली माता, हनुमानजी, शंकर जी, नंदी बैला और अनेकों प्रकार के झांकी का प्रदर्शन किया गया जिसमें जिलाकार्यसमिति सदस्य विधायक प्रतिनिधि कृष्णानंद राठौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। नवमीं के दिन हवन इत्यादि कार्यक्रम किया गया प्रत्येक दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर प्रणव महाराज यजमान रामचंद्र राठौर-गायत्री राठौर लकेश्वर साहू-संतोषी साहू प्रमोद राठौर-खुशबू राठौर हीराराम राठौर रामकुमार केवट तुलसी साहू रामाधार बियार मालती जगत धनबाई केवट उर्वशी राठौर रामबिलास कैवर्त बृहस्पति केवट शैलेन्द्र राठौर रोहित साहू कुशाल बियार विशाल बियार लाला गोस्वामी लोकेश राठौर नीतीश साहू गजेंद्र साहू निलेश साहू तेरस यादव सुनील केवट अनिल केवट होरिल पाटले साथ में उपस्थित रहे।




TOP IN KORBA

GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2025-26
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742



## खबर संक्षेप

### गांधी जयंती के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित

**कोरबा।** गांधी जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर को जिले की सभी मदिरा दुकानें बंद रहेंगी। कलेक्टर अजीत वसंत ने गांधी जयंती के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया है। गुरूवार को जिले में संचालित समस्त देशी-विदेशी मदिरा दुकानें, प्रीमियम, कम्पोजिट मदिरा दुकानें, एफएल 3, एफएल 3 क, अहाता पूर्णतः बंद रहेगी। कलेक्टर श्री वसंत ने मदिरा बंदी के पूर्व दिवस को निर्धारित समय पश्चात मदिरा दुकानों को सीलबंद करने तथा मदिरा बंदी दिवस को अवैध शराब बिक्री न हो, यह सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए है।

### कांग्रेस कार्यालय में आज मनाई जाएगी गांधी जयंती

**कोरबा।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती को विश्व अहिंसा दिवस के रूप में मनाया जायेगा। जिला कांग्रेस अध्यक्ष द्वय नत्थूलाल यादव एवं मनोज चैहान ने बताया कि 2 अक्टूबर की प्रातः11 बजे टीपी नगर स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में जयंती कार्यक्रम आयोजित है। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, पार्षद, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ, पूर्व पार्षद, आदिवासी कांग्रेस, पार्षद प्रत्याशी, अजजा कांग्रेस, सेवादल, ब्लॉक कांग्रेस, मंडल कांग्रेस, जोन, वार्ड एवं बूथ कांग्रेस के पदाधिकारियों को आमंत्रित किया गया है।

### आवास आबंटन को लेकर कोयला कर्मियों में आक्रोश व्याप्त

**कोरबा/दीपका।** एसईसीएल दीपका क्षेत्र में आवास आवंटन की व्यवस्था को लेकर कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है। आवास नहीं मिलने वाले एक एसईसीएल कर्मी ने महाप्रबंधक को दिए आवेदन में ही उल्लेख कर दिया है कि पांच साल से दर-दर की ठोकर खा रहा हूं, लेकिन आज तक आवास नहीं मिला। कोयला कर्मी का आरोप है कि जूनियर कर्मचारियों को बी टाइप क्वार्टर तक दे दिए गए, जबकि वह खुद परिवार समेत किराए के मकान में रह रहा है। आर्थिक दबाव और मानसिक तनाव की वजह से त्योहार तक बेरंग गुजर रहे हैं। सवाल यह उठता है कि प्रगतिनगर कॉलोनी में हालात इतने बदतर हैं कि एक क्वार्टर में चार-चार कर्मचारी रहने को मजबूर हैं। वहीं दूसरी तरफ ऐसे लोग आराम से क्वार्टर में रह रहे हैं जिनका एसईसीएल से कोई ताल्लुक तक नहीं है। कर्मचारियों का कहना है जब अपने ही कर्मचारियों को आवास नहीं मिल रहा तो बाहरियों और अवैध कब्जाधारियों को अभयदान क्यों।

### कल उतरदा रेलडबरी में अभिनेत्री तारा देंगी प्रस्तुति

**हरदीबाजार।** उतरदा रेलडबरी में



दशहरा उत्सव के उपलक्ष्य पर सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ की अभिनेत्री तारा साहू अपनी विशिष्ट प्रस्तुति रंग तरंग छत्तीसगढ़ से दर्शकों का मन उत्साह और उमंग से भरने आ रही है कार्यक्रम 3 अक्टूबर शुक्रवार को रात्रि 8 बजे से रेलडबरी स्कूल मैदान में आयोजित होगा। गांव समिति ने आस-पास क्षेत्र से लोगों को कार्यक्रम का आनंद लेने का आग्रह किया गया है।

### 4 अक्टूबर को भव्य जागरण का आयोजन

**कोरबा।** दुर्गा पूजा एवं दशहरा उत्सव समिति कोसाबाड़ी फेस-1 द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम भी शहर में काफी प्रसिद्ध है। इसी कड़ी में इस बार भी 4 अक्टूबर दिन शनिवार को रात्रि 8 बजे से दशहरा मैदान में अंजोर टीम के छत्तीसगढ़ी लोक गायिका गरिमा दिवाकर एवं स्वर्णा दिवाकर द्वारा भव्य जागरण एवं जसगीत की प्रस्तुति दी जाएगी। शहर वासियों से अपील है कि इस अवसर पर देवी मां के भजनों एवं भक्ति गीतों का शलाभ लेने के लिए उपस्थिति कहाने कहा है।

## सबसे ऊंचा रावण नजर आएगा दर्री लाल मैदान में, नौ दिन तक चलने वाली रामलीला का होगा समापन

# जिले के शहर और उपनगरीय क्षेत्रों सहित ग्रामीण अंचल में आज होगा रावण दहन



क्रेन के माध्यम से खड़ा किया जा रहा रावण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक दशहरा का पर्व जिले के शहर और उपनगरीय क्षेत्रों सहित ग्रामीण अंचल में रावण दहन के साथ धूमधाम से मनाया जाएगा। जिले का सबसे आकर्षण का केंद्र बिंदु रहने वाला दर्री लाल मैदान में इस बार रावण के पुतले की ऊंचाई 115 फुट है जो जिले का सबसे ऊंचा रावण होगा। लेजर तकनीक के उपयोग से यह आकर्षण का केंद्र बिंदु रहेगा।

शहरी क्षेत्र के दर्जन भर से अधिक स्थानों में खास तैयारियां की गई है। शहर के प्रमुख दशहरा मैदान एनटीपीसी दर्री लाल मैदान, पुराना बस स्टैंड, मुड़ापार बाजार, राजेन्द्र प्रसाद नगर फेस वन, महाराणा प्रताप नगर, रानी रोड, रामलीला मैदान बालको, कटघोरा मैदान, बांकीमोंगरा, कुसमुंडा सहित उपनगरीय क्षेत्रों में विजयादशमी का पर्व बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। लाल मैदान में जिले का सबसे अधिक ऊंचा 115 फीट का रावण दहन किया जाएगा। साढ़े 7 बजे के बाद से पुतला दहन का कार्यक्रम शुरु हो जाता है। बालको रामलीला मैदान में रावण पुतले का दहन का समय 8 बजे रखा गया है। इसी तरह दर्री लाल मैदान में पुतले दहन का समय 08.15 बजे बताया गया है। शहर और उपनगरीय क्षेत्रों में रावण के पुतले का दहन का कार्यक्रम रात्रि 9 बजे तक सभी स्थानों में कर लिया जाएगा। कुसमुंडा क्षेत्र में साप्ताहिक बाजार स्थल में रावण के पुतले का दहन किया जाता है। दीपका क्षेत्र में ग्राम झाबर बस्ती, पुराने बैंक के समीप किया जाएगा। इसके अलावा ग्रामीण अंचलों में भी रावण दहन की तैयारी की गई है। इस बार ग्राम पंचायत लेमरु में भी रावण का पुतला दहन करने की तैयारी स्थानीय समितियों के द्वारा की गई है।

### बारिश से भीगे रावण के पुतले



बेमौसम हुई बारिश से जगह जगह तैयार किये गये रावण के पुतले भीग गये। हालांकि कुछ समितियों के द्वारा बारिश को ध्यान में रखते हुए रावण के पुतले को प्लास्टिक से ढंक दिया गया था उसके बावजूद भी रावण के पुतले आंशिक रुप से जरुर भीग गये। बारिश का असर शहर के टीपी नगर, निहारिका, आईटीआई रामपुर के साथ बालको, कुसमुंडा, गेवरा दीपका और दर्री उपनगरीय क्षेत्र में भी नजर आया। इन सभी क्षेत्रों में रावण के पुतलों का दहन होता है जो बारिश से भीग चुके हैं। मौसम विभाग ने अक्टूबर माह में बारिश होने की संभावना को देखते हुए अलर्ट जारी किया था तो वहीं नवरात्रि का पर्व शुरु होते ही पंचांग के अनुसार ज्योतिषियों ने नवरात्री के पर्व के शुरुआती और अंतिम दिनों में बारिश होने का उल्लेख किया था। उस दृष्टि से बारिश की संभावना आगे भी बतायी जा रही है।

### मनमोहक आतिशबाजी के साथ होगा रावण दहन

दुर्गा पूजा एवं दशहरा उत्सव समिति कोसाबाड़ी आरपी नगर फेस -1 के अध्यक्ष विवेक पांडेय ने बताया कि समिति द्वारा दशहरा उत्सव मनाने के लिए जोर-शोर से तैयारी की जा रही है। पूरे जिले में उनकी समिति द्वारा ही असुरराज रावण के अलावा कुंभकर्ण और मेघनाथ के पुतले का भी दहन किया जाता है। अधर्म पर धर्म की जीत के इस पर्व को आरपी नगर के इस दशहरा मैदान में बड़े भव्य तरीके से मनाया जाता है। इसी कड़ी में दशहरा उत्सव प्रभारी जीतू पटेल व रावण साज सज्जा प्रभारी केशव सिंह के मार्गदर्शन में गुरुवार को सर्वप्रथम बाजे गाजे के साथ भगवान श्री राम के दरबार की आकर्षक झांकी निकाली जाएगी । इसके उपरांत आकर्षक एवं मनमोहक आतिशबाजी के साथ रात्रि लगभग 8 बजे रावण दहन किया जाएगा। इस आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन, सांसद श्रीमती ज्योत्सनाचरण दास महंत, पूर्व कैबिनेट मंत्री जयसिंह अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत और पूर्व महापौर जोगेश लाम्बा शामिल होंगे।

### बसस्टैंड में आज किया जाएगा रावण दहन

मां दुर्गा उत्सव समिति बस स्टैंड हरदीबाजार में 2 अक्टूबर विजयदशमी के दिन रात्रि 8:30 बजे रावण दहन का कार्यक्रम बस स्टैंड हरदी बाजार में दुर्गा पंडाल के पास में किया जाएगा। मां दुर्गा उत्सव समिति के द्वारा लोगों को अधिक से अधिक संख्या में आने की अपील की गई है।

### भैसमा में विराट दशहरा उत्सव आज

ग्राम भैसमा में विराट दशहरा उत्सव मनाया जाएगा। रात्रि 9:30 बजे 35 फीट के बने रावण के पुतले का भव्य झांकी के साथ राम के सेना द्वारा दहन किया जाएगा उसके पश्चात रात्रि कालीन कार्यक्रम के अंतर्गत छत्तीसगढ़ी लोककला मंच मया के गोठ गायिका ज्योति कंवर के रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन पंचायत के द्वारा के किया गया है वहीं पुरानीबस्ती के अंदर डांस प्रतियोगिता भी रखा गया है सरपंच ग्राम पंचायत के द्वारा आसपास के ग्रामों ग्रामीणों को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस आयोजन का शांतिपूर्वक आनंद लेने हेतु आग्रह किया गया है।

### नोनबिर्रा में दशहरा उत्सव डांस प्रतियोगिता आज

विकासखंड पाली अंतर्गत ग्राम नोनबिर्रा बाजार चौक में दशहरा उत्सव के उपलक्ष्य में ग्राम समिति के द्वारा डांस प्रतियोगिता का आयोजन 2 अक्टूबर को रात्रि 7 बजे से रखा गया है। ग्रुप डांस प्रथम इनाम 25 हजार रुपए, दूसरा इनाम 15 हजार रुपए, तीसरा इनाम 7 हजार रुपए वहीं एकल/युगल डांस प्रथम इनाम 7 हजार रुपए व द्वितीय इनाम 3 हजार रुपए रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती पुष्पलता गोपाल सिंह सरपंच नोनबिर्रा, दुर्गेश यादव उपसरंपच नोनबिर्रा, मोहम्मद जाकिर हुसैन सचिव, हरनारायण यादव रोजगार सहायक, समिति अध्यक्ष मुकेश कुमार यादव उपाध्यक्ष पुखराज दुबे एवं अजय सिंह राजपूत, सचिव श्रीराम, मनीष कंवर सहसचिव विष्णु श्रीवास, किशोर कुमार कुलदीप ने समस्त क्षेत्र वासियों को आयोजन में पहुंच कर आनंद लेने का आग्रह किया है।



सुरक्षा में तैनात पुलिस के अधिकारी कर्मचारी।

## रावण दहन के लिए पुलिस की चप्पे-चप्पे पर रहेगी तैनाती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के अलग-अलग स्थान में आज रावण दहन किया जाएगा। लगभग सभी स्थानों पर रावण का पुतला स्थापित किया जा चुका है। इस दौरान लोगों की भारी भीड़ उमड़ेगी। रावण दहन में असामाजिक तत्व किसी तरह की खलल पैदा ना कर सके इसके लिए जिला पुलिस ने खासी तैयारी की है और सभी रावण दहन स्थल सहित मुख्य मार्ग में पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था रहेगी। साथ ही पेट्रोलिंग वाहन लगातार पेट्रोलिंग करती रहेगी और हर आने जाने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। उल्लेखनीय है कि शहर के प्रमुख घंटाघर मैदान में इस वर्ष नगर निगम द्वारा पहली बार रामलीला के साथ-साथ रावण दहन उत्सव मनाया जा रहा है। इसके अलावा डॉ राजेंद्र प्रसाद नगर फेस-1, महाराणा प्रताप नगर, शिवाजी नगर, मुड़ापार, बुधवारी सहित अन्य स्थानों में रावण दहन की तैयारी की गई है। उपनगरीय क्षेत्र बालको, दर्री लाल मैदान, कुसमुण्डा, कटघोरा सहित अन्य स्थान में भी रावण दहन किया जाएगा। सभी समितियों ने रावण दहन की तैयारी पूरी कर ली है। असामाजिक तत्व भीड़ भाड़ का फायदा उठाने की कोशिश भी करते हैं। खासतौर पर जेब कतरे लूटपाट की घटना को अंजाम देने के लिए तैयार रहते हैं। ऐसे लोगों को सबक सिखाने और सामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखने के लिए पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर जिला पुलिस की टीम चप्पे चप्पे पर तैनात रहेगी। लगभग 500 पुलिस के अधिकारी, कर्मचारी अलग-अलग क्षेत्र में तैनात रहेंगे। हर आने जाने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। साथ ही पुलिस के अधिकारी कर्मचारी सादे वर्दी में भी सभी रावण दहन स्थल पर तैनात रहेंगे। पुलिस का पेट्रोलिंग वाहन हर मार्ग पर लोगों पर नजर रखेगा। कोई भी असामाजिक तत्व रावण दहन के दौरान खलल मचाने की कोशिश की तो उसकी खैर नहीं है और उसे तत्काल जेल की हवा खानी पड़ेगी।

### शाम 7 बजे के बाद घंटाघर निहारिका मार्ग किया जाएगा बंद




शहर के प्रमुख रावण दहन उत्सव की बात करें तो इस बार घंटाघर ओपन आडिटोरियम में नगर निगम द्वारा रावण दहन उत्सव मनाया जा रहा है। साथ ही राजेंद्र प्रसाद नगर फेस-1 में विगत कई वर्षों से रावण दहन उत्सव मनाया जाता है। यह दोनों शहर के प्रमुख रावण दहन हैं और इन्हीं दोनों स्थलों पर लोगों की भारी भीड़ उमड़ती है। इसलिए पुलिस प्रशासन ने इस मार्ग पर शाम 7 बजे के बाद सभी वाहनों को प्रतिबंधित कर दिया है। बताया जाता है कि इस मार्ग में आने जाने वाले लोगों के लिए अलग से डायवर्सन मार्ग दिया गया है। साथ ही अलग-अलग स्थान पर पार्किंग स्थल बनाया गया है जिसमें निहारिका क्षेत्र के लोगों के लिए ब्लू बर्ड स्कूल, कल्पतरु तिराहा, बुधवारी सर्कस मैदान, जैन चौक पार्किंग, आरामशीन रोड सहित अन्य स्थानों को पार्किंग बनाया गया है ताकि लोग अपने वाहनों को अलग-अलग स्थान पर खड़ा कर पैदल ही रावण दहन स्थल पर पहुंच सकेंगे ताकि आम जनता को किसी तरह की परेशानी न उठानी पड़े।

## पत्नी पर चरित्र संदेह, उतारा मौत के घाट, गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

चरित्र संदेह को लेकर एक व्यक्ति कुल्हाड़ी से मार कर अपनी पत्नी की हत्या कर दी है। घटना कटघोरा थाना के बरपाली गांव की है। पुलिस आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

कटघोरा थाना क्षेत्र के ग्राम बरपाली निवासी बंधन बाई 40 वर्ष पति चैतराम निवासी मूलतः सपलवा बीते 7-8 वर्ष से बरपाली मे रह रहे थे। चैतराम अपनी पत्नी बंधन बाई के चरित्र पर संदेह करता था और अक्सर इसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी होती थी। पुलिस के मुताबिक चैतराम बुधवार की सुबह लगभग 8 बजे अपनी पत्नी बंधन बाई से इसी बात को लेकर वाद विवाद करने लगा जिससे विवाद इतना बढ़ गया कि चैतराम ने अपनी पत्नी बंधन बाई पर घर पर रखे कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ हमला शुरू कर दिया और जिससे बंधन बाई की मौके पर ही मौत हो गई। हत्या की सूचना मिलते ही कटघोरा थाना प्रभारी दलबल सहित मौके पर पहुंचे और मामले की तस्दीक के उपरांत हत्या की वारदात को अंजाम देने वाले चैतराम को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

## जसमीत को दिल्ली में मिला प्रतिष्ठित कंटेंट क्रिएटर का अवार्ड



**कोरबा।** नई दिल्ली में मिलियन स्पीकर्स टॉक (एमएसटॉक) इंडिया द्वारा आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में जिले के जसमीत छाबड़ा को प्रतिष्ठित कंटेंट क्रिएटर अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें डिजिटल माध्यमों पर वित्तीय जागरूकता फैलाने और गुणवत्तापूर्ण सामग्री निर्माण के लिए प्रदान किया गया। वित्त एवं बीमा क्षेत्र में सक्रिय जसमीत छाबड़ा ने इस उपलब्धि के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि एमएसटॉक द्वारा हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित इस कार्यक्रम में देशभर के प्रसिद्ध डिजिटल क्रिएटर्स को सम्मानित किया गया।

## दुर्गा पूजा देखकर लौट रहे वृद्ध पर बैल ने किया हमला, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दुर्गा पूजा उत्सव में शामिल होकर लौट रहे एक वृद्ध की बैल के हमले से मौत हो गई है। घटना उरगा थाना के सिलयारीभांठा की है।

**खास बात**

- उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम सिलयारीभाठा की घटना

उरगा थाना के ग्राम सिलियारीभाटा निवासी मुखीराम पटेल 80 वर्ष पिता स्वर्गीय लक्ष्मी राम पटेल 26 सितंबर की रात अपने गांव में आयोजित दुर्गा पूजा में शामिल होने के लिए गया हुआ था। पूजा समाप्त होने के बाद मुखीराम पटेल पैदल अपने घर लौट रहा था कि इसी दौरान बीच रास्ते में एक बैल ने उस पर अचानक हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पास में मौजूद ग्रामीणों ने किसी तरह बैल को खदेड़ा और इसकी सूचना मुखीराम के परिजनों को दी जिसके बाद मुखीराम पटेल को गंभीर अवस्था में उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया था। जहां पिछले दो दिनों से उसका उपचार चल रहा था और इलाज के दौरान मुखीराम पटेल की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## हसदेव एक्सप्रेस को कोरबा से डोंगरगढ़ तक विस्तार की मांग अधूरी

**कोरबा।** डोंगरगढ़ और कोरबा के बीच यात्रियों को अब भी काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। डोंगरगढ़ से कोरबा और कोरबा से डोंगरगढ़ के लिए सीधी ट्रेन सेवा नहीं है, जिससे यात्रियों को कई बार अतिरिक्त सफर करना पड़ता है। यात्री लंबे समय से मांग कर रहे हैं कि कोरबा से रायपुर और रायपुर से कोरबा चलने वाली हसदेव एक्सप्रेस को कोरबा से डोंगरगढ़ तक बढ़ाया जाए। हालांकि, इस पर अब तक कोई पहल नहीं हुई है।जानकारी के मुताबिक, हसदेव एक्सप्रेस कोरबा रेलवे स्टेशन से सुबह 6.30 बजे रवाना होती है और रायपुर रेलवे स्टेशन सुबह 10.30 बजे पहुंचती है। रायपुर में यह ट्रेन दिनभर लगभग साढ़े सात घंटे तक खड़ी रहती है, जिससे यात्रियों को लंबा इंतजार करना पड़ता है।

## तीन माह बाद भी कोई समूह शुरु नहीं कर सका रेडी टू ईट का उत्पादन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

महिला बाल विकास विभाग की दस परियोजनाओं में से किसी भी परियोजना में कोई भी समूह रेडी टू ईट का उत्पादन शुरु नहीं कर सका है। जबकि उन्हें कार्य का आबंटित हुए तीन माह से ज्यादा का समय बीत चुका है और अभी भी पुरानी सिस्टम से पैकिंग कर पौष्टिक खाद्य पदार्थ का वितरण आंगनबाड़ी केंद्रों में कार्यकर्ताओं के द्वारा किया जा रहा है।

महिला स्व सहायता समूहों को आर्थिक रुप से सक्षम बनाने के उद्देश्य से चुनाव के पूर्व किये गये वादे को पूरा करते हुए सत्ता में आई भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने आंगनबाड़ी केंद्रों में रेडी टू ईट कार्यक्रम महिला स्व सहायता समूहों को सौंपने का निर्णय लेते हुए इसके आदेश जारी कर दिए। जिसके तारतम्य में महिला बाल विकास विभाग ने आर्थिक रुप से सक्षम महिला स्व सहायता समूहों से मई माह में आवेदन मंगाना शुरु किया। जिसकी प्रक्रिया इतनी जटील थी कि आर्थिक रुप से कमजोर महिला स्व सहायता समूह इस दौर से बाहर हो गए या कुछ को नियम का हवाला देकर बाहर कर दिया गया और जिन 65 महिला स्व सहायता समूहों को रेडी टू ईट का काम आबंटित किया गया है उनमें से किसी ने भी तीन महीने बाद भी रेडी टू ईट का उत्पादन शुरु नहीं किया है। इसके फलस्वरुप आंबनबाड़ी केंद्रों में रेडी टू ईट का उत्पाद नहीं पहुंच रहा है। पिछले पांच साल से चल रहे पैकिंग सिस्टम से ही अभी भी रेडी टू ईड पौष्टिक आहार वितरीत हो रहा है। तीन माह बीतने के बाद 10 परियोजनाओं में से किसी भी परियोजना में मशीन नहीं लगी है। ऐसे में कब उत्पादन शुरु होगा यह सवालों के घेरे में है।

### सभी परियोजना में लगनी है उत्पादन की मशीन

महिला समूहों को रेडी टू ईट का काम सौंपने के लिए राज्य सरकार ने जो नियम शर्ते लागू की उसके अनुसार प्रत्येक समूह आर्थिक रुप से सक्षम होने के साथ उत्पादन वाली मशीन स्वयं के खर्च पर लगायेगा जिसका संभावित लागत 25 लाख रुपए बताया गया है। अधिकांश महिला समूहों ने काम लेने के लिए तत्कालीक रुप से 25 लाख रुपए की राशि खाते में दर्शा दी और काम भी ले लिया लेकिन मशीन लगाने की हिम्मत अब तक नहीं जुटा सके। शासन के नियमों के मुताबिक महिला स्व सहायता समूहों को अपने परियोजना के अंतर्गत उत्पादन की मशीन लगाना होगा।

### 2650 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित

जिले में महिला बाल विकास विभाग के पांच विकासखंड में दस परियोजनाएं संचालित हैं। जिनके अंतर्गत कुल 2650 आंगनबाड़ी केंद्र चल रहे हैं। इनमें 70 हजार से अधिक नौनिहाल दर्ज है। इस दृष्टि से इन नौनिहालों को जो पौष्टिक आहार जुलाई महीने से मिलना शुरु होना था वह सितंबर महीना बीतने के बाद भी नहीं मिल सका है। इन 2650 आंगनबाड़ी केंद्रों में कुछ ऐसे केंद्र हैं जहां कार्यकर्ता नियुक्ति प्रक्रिया लटकी हुई है तो कहीं भवन नहीं है। ऐसे केंद्रों की भी व्यवस्था विभाग सुधार नहीं सका है।


AGRASEN COLLEGE

Recognised By: NCTE, New Delhi, Govt. Of India

Affiliated to: Hemchand Yadav University, Durg

B.ED. COURSE

COLLEGE COUNCELLING CODE - 114316

सत्र 2025 - 26 में B.Ed कोर्स में प्रवेश हेतु अंतिम अवसर

द्वितीय चरण

| | |
|---|---|
| पंजीयन एवं ऑनलाइन विकल्प फार्म जमा करने की तिथि। | 01/10/25 से 05/10/25 |
| द्वितीय चरण की प्रथम सूची दावा आपत्ति के लिए जारी करना एवं दावा आपत्ति। | 09/10/25 से 10/10/25 |
| द्वितीय चरण की प्रथम सूची जारी करना। | 13/10/25 |
| द्वितीय चरण की सूची में आबंटित अभ्यर्थी द्वारा महाविद्यालय में प्रवेश के लिए निर्धारित तिथि। | 13/10/25 से 16/10/25 |

VILLAGE- DHANORA, DURG (C.G.)

Mob. 90982 11113



## खबर संक्षेप



### सेंट्रल वर्कशॉप और सेंट्रल स्टोर्स में राजभाषा पखवाड़ा का आयोजन

**कोरबा।** सेंट्रल वर्कशॉप और सेंट्रल स्टोर्स एसईसीएल कोरबा के तत्वाधान राजभाषा पखवाड़ा का समापन समारोह एवं स्वच्छता ही सेवा कैम्पेन 5.0 का संयुक्त आयोजन किया गया। सर्वप्रथम सभी सफाईकर्मियों को उनकी सेवाओं के लिए पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात राजभाषा कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किए जाने वाली सभी प्रतियोगिताओं में सफलता प्राप्त प्रतिभागी श्रमिकों को प्रशस्तिपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर विभिन्न श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों, वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा राजभाषा के रूप में हिंदी भाषा के प्रयोग तथा प्रचार प्रसार पर अपने विचार प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में महाप्रबंधक, सेन्ट्रल वर्कशॉप कोरबा कामेश्वर कुमार राव ने अपने आशीर्वचनों से सभा को अनुग्रहित किया। कार्यक्रम के अंत में बलराम टंडन, स्टाफ अधिकारी ( मानव संसाधन ) सेन्ट्रल वर्कशॉप-सेन्ट्रल स्टोर्स कोरबा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। उद्घाटन समारोह का सफल संचालन शिवानंद, सहायक ( राजभाषा ) सेन्ट्रल वर्कशॉप द्वारा किया गया।

### भाजपा सरकार में गायों की तस्करी हुई शुरूः यादव



**कोरबा।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष नत्थूलाल यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि भाजपा सरकार के राज में गायों की तस्करी शुरू हो गई है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी से मिली जानकारी के अनुसार पिछले दो साल में गांव एवं शहरों से 40 फीसदी गाय घट गई हैं। लगभग 5 लाख से अधिक गौ वंश राज्य से गायब हो गए हैं। प्रदेश भर से ये 5 लाख गायें कहां गायब हो गईं इसका कोई जवाब नहीं है। ग्रामीण कांगेस अध्यक्ष मनोज चौहान ने कहा कि खुद को गौ रक्षक बताने वाली भाजपा के राज में यह महा पाप हो रहा है। गायों की तस्करी हो रही, गाय स्लाटर हाऊस भेजी जा रही हैं।

### धनेली में पोषण माह के तहत आयोजित हुए कार्यक्रम



**कोरबा।** ग्राम पंचायत धनेली-2 में पोषण माह के उपलक्ष्य में केयर स्किल फाउंडेशन द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गर्भवती माताओं के स्वास्थ्य और पोषण को प्रोत्साहित करना तथा उनमें जागरूकता लाना रहा। इस अवसर पर 17 गर्भवती माताओं को चुकंदर, गाजर, खीरा, चना, सोयाबीन, लौकी,केले एवं संतरे जैसी विभिन्न पौष्टिक सामग्रियाँ वितरित की गईं। साथ ही ग्राम धनेली की मितानिन बहनों ने भी सक्रिय रूप से सहभागिता कर महिलाओं को संतुलित आहार, स्वच्छता और नियमित स्वास्थ्य जांच की आवश्यकता के बारे में जानकारी दी। इस दौरान संस्था के अध्यक्ष चन्द्रशेखर साहू ने कहा कि हर परिवार में स्वास्थ्य और पोषण की समझ बढ़ाना ही हमारा मुख्य उद्देश्य है। स्वस्थ माँ ही स्वस्थ शिशु और स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकती है। कार्यक्रम में सनिल जांगड़े, भुनवेश्वरी साहू, हेमा माणिकपुरी, अनीता धीवर, मंजू साहू, हिमानी साहू, प्रियांश, दशोदा, चन्द्रकांत जांगड़े, मीनू एवं वीना राठी सहित अन्य उपस्थित थे।

### सेवानिवृत्त एसईसीएल कर्मियों को दी गई विदाई

**कोरबा।** एसईसीएल से सेवानिवृत्त होने वाले 8 कर्मियों को सीएमडी कक्ष में मुख्य अतिथि महाप्रबंधक पर्यावरण वन विभाग बीके जेना एवं विभिन्न विभागाध्यक्ष, श्रम संघ प्रतिनिधि, अधिकारी और कर्मचारी की उपस्थिति में 29 सितंबर को शाल, श्रीफल, पुष्पहार से सम्मानित कर विदाई दी गयी। सेवानिवृत्त होने वालों में समित मुखर्जी, महाप्रबंधक, ईएंडटी प्रभाकर सहाय मुख्य प्रबंधक उत्खनन, उत्खनन विभाग श्रीमती रीता त्रिवेदी, केप्रसाद राव, टीएन राव, सुभाष कुमार त्रिपाठी, संजय कुमार प्रसाद, हीराप्रसाद पटेल सहित प्रशासन विभाग शामिल रहे। प्रबंधन ने कहा कि सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी-कर्मचारी अपनी कार्यकुशलता और समर्पण से एसईसीएल को सफलता की नई ऊँचाइयों तक लेकर गए हैं। उनके योगदान को सदैव स्मरण किया जाएगा। प्रबंधन ने सभी के उज्वल भविष्य और सुखद पारिवारिक जीवन की कामना की। सेवानिवृत्त अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी कम्पनी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि एसईसीएल में कार्य करना गौरव का विषय रहा। उन्होंने कहा कि यहाँ के अधिकारी और कर्मचारी कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करते हैं और किसी भी जिम्मेदारी को पूर्ण निष्ठा से निभाते हैं। कार्यक्रम का संचालन एवं सेवानिवृत्त कर्मियों का परिचय उप प्रबंधक (राजभाषा) श्रीमती सविता निर्मलकर ने किया।

#### लगभग 8 किमी लंबी सड़क में अहिरन नदी पर बनेगा पुल

# 83 करोड़ की लागत से तैयार होगी बरमपुर-दर्री बैराज टू-लेन सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के बरमपुर से दर्री बराज तक टू-लेन सड़क के लिए राज्य शासन से मंजूरी मिल गई है। अब निविदा प्रक्रिया शुरू होगी। सड़क निर्माण के साथ अहिरन नदी पर पुल भी बनाया जाएगा। एसईसीएल ने तीन साल पहले ही लगभग 83 करोड़ रुपए की राशि सीएसआर मद से स्वीकृत की थी। लगभग दो साल में सड़क और पुल दोनों का निर्माण हो सकेगा।

**खास बात**
- एक साल से मंजूरी के लिए लटकी थी योजना

शहर में यातायात का दबाव कम करने बरमपुर-दर्री 8.20 किमी लंबी सड़क की योजना बनाई गई थी। किंतु तकनीकी कारणों से यह योजना लटकती जा रही थी। एसईसीएल ने सीएसआर मद से 83 करोड़ की मंजूरी 5 जनवरी 2023 को दी थी। पहले चरण में 20 प्रतिशत 16.60 करोड़ रुपए जारी कर चुकी है। इसके बाद से सड़क बनाने का कार्य चल रहा है। सड़क का निर्माण बांयीं तट नहर के किनारे होना है। राज्य शासन ने अब सड़क बनाने में आ रही 90 प्रतिशत बाधा को दूर करने के बाद निविदा करने का निर्देश दिया है। इसी वजह से पीडब्ल्यूडी ने सर्वे रिपोर्ट तैयार कर मंजूरी के लिए राज्य शासन को प्रस्ताव भेजा था। एक साल से मंजूरी लटकी हुई थी। राज्य शासन ने सड़क के साथ ही पुल बनाने आदेश जारी कर दिया है। इसके लिए अतिक्रमण हटाना होगा। सिंचाई विभाग की जमीन पर 127 लोगों ने बेजा कब्जा कर मकान बनाए हैं। इसके लिए मुआवजा का भी प्रावधान है। बिजली विभाग और नगर निगम को खंभे व पाइप लाइन शिफ्टिंग के लिए रकम दी जा चुकी है।


फाइल फोटो

**पश्चिम क्षेत्र से आने वाले वाहनों को बालको जाने की मिलेगी सुविधा**

इस सड़क के बनने से पश्चिम क्षेत्र से आने वाले भारी वाहन बालको की और सीधे जा सकेंगे। अभी राताखार से होकर गेरवा घाट पुल होते हुए आवाजाही करते हैं। सड़क निर्माण से प्रभावित परिवारों को मुआवजा दिया जाएगा। इसके लिए पहले से ही 2 करोड़ 9 लाख रुपए की राशि तय की गई है। पीडब्ल्यूडी के सर्वे में 124 मकान और दुकान दायरे में आ रहे थे। यह सर्वे करीब एक साल पुराना है और लोगों को स्ट्रक्चर का ही मुआवजा मिलेगा।

**17 करोड़ की लागत से बनेगा 25 मीटर पुल**

इस मार्ग पर अहिरन नदी गुजरी है। सिंचाई विभाग ने यहां पुल बनाया है, लेकिन यह भारी वाहनों के लिए नहीं है। इसी वजह से 17 करोड़ की लागत से उच्च स्तरीय पुल बनाया जाएगा। इसकी लंबाई 25 मीटर होगी। निर्माण एजेंसी सेतु निगम है। सड़क के साथ पुल की भी मंजूरी मिल गई है। सेतु निगम निविदा जारी करने की तैयारी में है।

## हैवी ब्लॉस्टिंग कर प्रभावितों से बदला ले रहा दीपका प्रबंधन


हैवी ब्लास्टिंग से इस तरह उठ रहा धुएं का गुबार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

दीपका कोयला खदान में बुधवार दोपहर 2.15 से 3 बजे तक अलग-अलग लगातार 6 बार हुई हैवी ब्लास्टिंग से धरती कांप उठी। खदान में हुए ब्लॉस्टिंग के कारण तीव्र कंपन से हरदीबाजार क्षेत्र दहल उठा। साथ ही कोयला फेस में हुई ब्लास्टिंग से पूरे हरदीबाजार में काला बादल सा छा गया। कुछ देर के लिए बारुद व कोल डस्ट से घना आबादी क्षेत्र पट सा गया और बारुद की दुर्गंध से लोग परेशान रहे। स्थानीय लोगों का कहना है कि दीपका प्रबंधन की इस तरह की मनमानी, जबरदस्ती अब बर्दाश्त से बाहर हो रहीं हैं। अभी नवरात्रि, दशहरा त्योहारी सीजन में भी उसे जनभावनाओं का जरा भी ख्याल नहीं है। जिला प्रशासन को एसईसीएल दीपका प्रबंधन पर नकेल कसने की जरुरत है। अन्यथा ऐसी स्थिति में समस्त ग्रामवासी एसईसीएल दीपका प्रबंधन व जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा कर खदान बंदी को मजबूर होंगे। सरपंच लोकेश्वर कंवर ने इस संबंध में दीपका प्रबंधन से कहा है कि वृहद घना आबादी वाला गांव कस्बा है, जहां दो से तीन मंजिला इमारत है। साथ ही 40-50 साल पुराने मकान हैं कोई भी अप्रिय घटना घटती है उसकी संपूर्ण जिम्मेदारी एसईसीएल दीपका प्रबंधन व जिला प्रशासन की होगी। वहीं विधायक प्रतिनिधि नरेश टंडन ने बताया दीपका प्रबंधन की जबरदस्ती, मनमानी अब बर्दाश्त से बाहर हो चुकी है। गांव में प्रबंधन के प्रति गहरा रोष है, जनभावनाओं व घना आबादी क्षेत्र को ध्यान में रख कर न्यूनतम ब्लास्टिंग करें। ऐसे में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना घटती है, उसकी संपूर्ण जिम्मेदारी एसईसीएल दीपका प्रबंधन की होगी।

## ठेका श्रमिकों ने बोनस को लेकर खोला मोर्चा, बोनस भुगतान पर बनी सहमति


बैठक में उपस्थित अधिकारी व ठेका श्रमिक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र में कार्यरत वाहन चालकों, हेल्परों व सुपरवाईजरों ने बोनस की मांग को लेकर मोर्चा खोल दिया है। ठेका श्रमिकों ने अपने वाहनों को खड़ा कर काम का बहिष्कार करते हुए धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। धरना प्रदर्शन को देखते हुए कुसमुंडा प्रबंधन ने ठेका श्रमिकों को वार्ता के लिए बुलाया। वार्ता में चर्चा के बाद यह निर्णय लिया गया कि सभी ठेका श्रमिकों का बोनस और वेतन भुगतान उनके खाते में 8 अक्टूबर और 15 अक्टूबर तक जमा कर दिया जाएगा। प्रबंधन इस संबंध में जल्द ही ऑफिस ऑर्डर जारी करेगा और सूचना पोर्टल पर भी प्रदर्शित करेगा।

**खास बातें**
- एसईसीएल कुसमुंडा खदान क्षेत्र में कार्यरत ठेका श्रमिकों का मामला
- कुसमुंडा प्रबंधनने 8 से 15 अक्टूबर तक बोनस राशि देने का लिया निर्णय

उल्लेखनीय है कि प्रबंधन और श्रमिक संगठनों के बीच यह भी तय हुआ है कि अगले साल से दशहरा से पूर्व ही सभी ठेका श्रमिकों को बोनस की राशि प्रदान कर दी जाएगी। इस दौरान ऊर्जाधानी भूविस्थापित संगठन के अध्यक्ष, सपुरन कुलदीप ने ठेका श्रमिकों को संबोधित करते हुए कहा कि परमानेंट वर्कर और ठेका श्रमिकों के लिए समान काम, समान वेतन, समान बोनस और सभी सुविधाओं की मांग को लेकर आंदोलन को और तेज करने की आवश्यकता है, उन्होंने इस विषय पर जल्द ही एक वृहद बैठक बुलाने का आह्वान किया। श्रम सेवा भूविस्थापित श्रमिक संगठन के संरक्षक विजय महंत ने इस आंदोलन की सफलता पर खुशी जताते हुए कहा कि अपनी जायज मांगों को लेकर हमारे इस आंदोलन का और विस्तार करना होगा। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि इस साल जो बोनस मिल रहा है, उसे आगामी वर्षों में नियम का हिस्सा बनाने के लिए प्रयास जारी रखना होगा। संगठन के सदस्य अशोक पटेल ने प्रबंधन के साथ हुई वार्ता के सकारात्मक निर्णय की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि ठेका श्रमिकों के वेतन, भत्ता, मेडिकल और सामाजिक सुरक्षा जैसी अन्य मांगों को लेकर संघर्ष जारी रहेगा। इस दौरान श्रम सेवा भूविस्थापित श्रमिक संगठन के राजेंद्र पटेल, देगूपोल, राजकुमार, संतोष, सेवाराम, विनोद सारथी, महावीर, कोमल खरे, रजनीकांत, देवप्रसाद, अजय, ऊर्जाधानी संगठन के विजयपाल सिंह तंवर, बसंत कुमार कंवर, संतोष चौहान, ललित महिलांगे, एसईसीएल की ओर से एपीएम वीरेंद्र, कार्मिक प्रबंधक रोहित श्रीवास, नीलकंठ कंपनी के एचआर मुकेश सिंह, विनोद चौधरी प्रोडक्शन इंचार्ज उपस्थित रहे।

## प्रबंधन की चेतावनी बेअसर, विद्युत कर्मी काली पट्टी लगाकर कर रहे काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन एवं विद्युत वितरण कंपनी में कार्यरत नियमित, संविदा और आउटसोर्सिंग वाले अधिकारी कर्मचारी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन कर रहे हैं। बुधवार को कर्मचारियों ने काली पट्टी लगाकर काम कर अपना विरोध जताया। वहीं दूसरी ओर संविदा कर्मियों ने भी मांगे पूरी नहीं होने पर 2 अक्टूबर महात्मा गांधी जयंती का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। संविदा कर्मियों के 9 अक्टूबर को आहूत आंदोलन को छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ, महासंघ ने भी अपना समर्थन दिया है।

**खास बातें**
- पुरानी पेंशन बहाली सहित 20 सूत्रीय मांगों को लेकर कर रहे चरणबद्ध आंदोलन
- छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी महासंघ के नेतृत्व में कर्मियों ने खोला मोर्चा


विद्युत वितरण विभाग में काली पट्टी लगाकर विरोध प्रदर्शन करते विद्युत कर्मी।


एचटीपीएस संयंत्र में काली पट्टे लगाकर नारेबाजी करते विद्युत कर्मी।

भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय तिवारी एवं महामंत्री नवरतन बरेठ ने संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि बिजली कर्मचारी महासंघ द्वारा जारी आंदोलन के तीसरे चरण के तहत 1 अक्टूबर से विद्युत कंपनी में कार्यरत समस्त नियमित, संविदा, बायहस्त्रोत कर्मचारी विभिन्न लंबित मांगों और विद्युत कंपनी के वादा खिलाफी के विरोध में 1 से 8 अक्टूबर तक काली पट्टी लगाकर कार्य का निर्णय लिए हैं। भारतीय मजदूर संघ के अखिल भारतीय मंत्री व विद्युत प्रभारी राधेश्याम जायसवाल ने कहा है कि बिजली कर्मचारी महासंघ पिछली दो वर्षों से आंदोलन कर रहा है। इसमें ओल्ड पेंशन स्कीम, संविदा कर्मचारियों कें नियमितीकरण, 3 प्रतिशत तकनीकि भत्ता सहित लगभग 22 सूत्रीय मांग पत्र कंपनी प्रबंधन को सौंपा चुका है, लेकिन प्रबंधन की तरफ से बार-बार केवल आश्वासन दिया जा रहा है। इन मांगों पर अभी तक कोई भी ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार के द्वारा प्रदेश के लगभग 3 लाख कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन लागू किया गया है, लेकिन विद्युत कंपनी के मात्र 9 हजार अधिकारी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन से वंचित रखा गया है, जबकि इसे लागू करने राज्य सरकार के द्वारा सहमति दिया जा चुका है। उसी प्रकार संविदा कर्मचारियों का पिछले तीन बार नियमतिकरण किया गया, लेकिन पूरे कंपनी में कर्मचारियों की कमी होते हुए भी नियमित नही किया गया है।

**अनिश्चितकालीन हड़ताल की दी चेतावनी**

महासंघ के श्रमिक नेताओं ने कहा है कि कंपनी प्रबंधन अभी तक इस मामले में कोई निर्णय नहीं ले सका है। इन्ही सब मांगों को लेकर बिजली कर्मचारी महासंघ आंदोलनरत है। अगर 9 अक्टूबर तक कंपनी प्रबंधन कोई ठोस निर्णय नहीं लेता है तो बिजली कर्मचारी महासंघ अनिश्चितकालीन आंदोलन करने बाध्य होगा।

## बालको की उन्नति परियोजना आर्थिक निर्भरता की मिसाल


उत्पाद तैयार करती महिलाएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नवरात्रि के अवसर महिला सशक्तिकरण की कहानियां सामाजिक बदलाव की नई संभावना को दर्शाती है। बालको के सामुदायिक विकास के अंतर्गत स्थानीय महिलाओं ने अपने आत्मनिर्भरता की यात्रा को सशक्त किया है। छत्तीसगढ़ के बालकोनगर स्थित शांतिनगर की निवासी श्रीमती पूनम सिंह कहती हैं कि मेरे पास एक सपना था, लेकिन कभी नहीं सोचा था कि मेरी कला मुझे आत्मनिर्भर बना सकती है। आज मैं अपना व्यवसाय चला रही हूँ, परिवार के निर्णयों में सक्रिय रूप से शामिल होती हूँ, और दूसरों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हूँ। इनकी कहानी बालको की पहल प्रोजेक्ट उन्नति से जुड़ी अनेक महिलाओं के बदलाव को दर्शाती है। उन्होंने महिला सशक्तिकरण पहल उन्नति के माध्यम से अपनी पहचान और आत्मनिर्भरता पाई, जो कभी केवल बचत समूहों में बैठकर विचार साझा करने से शुरू हुआ था। वह आज आत्मविश्वास, साहस और आत्मनिर्भरता की प्रेरक कहानियों में बदल चुका है। पूनम याद करते हुए बताती हैं कि कैसे घर पर सजावटी वस्तुएं बनाने का उनका शौक धीरे-धीरे डेकोरट्टी नामक सूक्ष्म उद्यम में बदल गया। उन्होंने कहा कि पहले मैं केवल दोस्तों और परिवार के लिए ही वस्तु बनाती थी। उन्नति से जुड़कर मैंने सीखा कि कैसे अपने बनाई वस्तु की कीमत, ग्राहकों से बात करने और यहाँ तक कि सोशल मीडिया का उपयोग करना है। आज जब त्योहारों पर लोग अपने घरों को सजाते हैं, तो मुझे संतोष होता है कि मेरे बनाए उत्पाद उनके उत्सव का हिस्सा बन रहे हैं। इसी तरह की सफलताएँ कई और महिलाओं की कहानियों में दिखाई देती हैं। श्रीमती रथ बाई उन्नति की छत्तीसा नामक फूड-आधारित उद्यम से जुड़ी हैं। अपने शुरुआती दिनों को याद कर कहती हैं कि शुरुआत में मुझे अपने क्षेत्र से बाहर उत्पाद बेचने का अनुभव नहीं था। उन्नति ने मुझे ऑर्डर प्रबंधन और अपने उत्पादों का प्रचार करना सिखाया। ग्राहक का बार-बार दोबारा ऑर्डर मेरे उद्यम की विश्वसनीयता को मजबूत करता है।

### महिला से सामूहिक दुष्कर्म, 7 गिरफ्तार

**चांपा।** नवरात्र पर्व के दौरान चांपा शहर में एक महिला से सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। बताया जाता है कि महिला अकेली जा रही थी, जिसके साथ अज्ञात आरोपियों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। हालांकि रिपोर्ट दर्ज होने के 24 घंटे के भीतर पुलिस ने 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना 28-29 सितंबर की दरम्यानी रात की है, जब लगभग 1:30 से 2:00 बजे के बीच चांपा क्षेत्र में कुछ युवकों ने एक महिला को मोटरसाइकिल पर बैठाकर सुनसान स्थान पर ले जाकर बारी-बारी से सामूहिक अनाचार किया और मौके से फरार हो गए।

## दंतैल हाथी ने बकरे को उठाकर पटका, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के जंगलों में हाथियों का उत्पात कम होने का नाम नहीं ले रहा है। पसान रेंज के सिंदूरगढ़ पहाड़ में 54 की संख्या में हाथी विचरण कर रहे हैं। हाथियों के इस झुण्ड में शामिल एक दंतैल हाथी बीती रात झुण्ड से अलग होकर ग्राम सूखाबहरा पहुंच गया और वहां एक ग्रामीण के बकरा पर हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। साथ ही क्षेत्र में लगे ग्रामीणों के फसल को भी तहस नहस कर दिया है।

जानकारी के अनुसार ग्रामीण का बकरा जंगल में चर रहा था। तभी उसका सामना झुंड से अलग होकर पहुंचे दंतैल हाथी से गया है। हाथी ने बकरे को सूड़ से उठाकर पटक दिया जिससे उसकी मौत हो गई। बकरे के मालिक के द्वारा सूचना दिए जाने पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचे और पंचनामे की कार्रवाई की तथा पशु चिकित्सक को बुलाकर पोस्टमार्टम कराने के बाद बकरे के मालिक को सौंप दिया।







